चीनी का उत्पादन

1333. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) चीनी की वार्षिक मांग और इसका उत्पादन क्या है ;

(ख) वर्तमान वर्ष के दौरान चीनी का अनुमानित उत्पादन कितना होने की संभावना है और क्या चीनी का आयात किए जाने की संभावना है; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) तीन महीने पहले खुले बाजार में चीनी का मूल्य क्या था; वर्तमान में इसका मूल्य क्या है और चीनी की कीमतों में कितनी गिरावट आई है और इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या सरकार किसी नई चीनी नीति की घोषणा करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्री (श्री नाथू राम मिर्धा) : (क) और (ख) 1989–90 मौसम (अक्तूबर–सितम्बर, में लगभग 101 लाख मी० टन चीनी का उत्पादन और 102 लाख मी० टन चीनी की खपत होने का अनुमान है। चीनी की उपलब्धता की निरन्तर समीक्षा की जाती रहती है। यदि चीनी का आयात करना अपेक्षित हो तो उस दशा में चीनी की कुल उत्पादन, समूची उपलब्धता, आन्तरिक खपत और पूर्वविशिष्ट स्टाक की जरूरत आदि को ध्यान में रखकर निर्णय किया जाता है।

(ग) नवम्बर 1989 के मास के के दौरान अधिकांश मैदानी शहरी लाकों में चीनी के खुदरा मूल्य 8.60 रुपये से 10.30 रुपये प्रति किलो ग्राम के रेंज में था। इस समय इन्हीं स्थानों पर ये मूल्य 7.80 रु० से 9.00 रु. प्रति किलोग्राम के रेंज में हैं। बाजार में चीनी और अन्य मीठे पदार्थों की उपलब्धता में सुधार होने के कारण मूल्यों में गिरावट आई है।

(घ) 1989–90 मौसम (अक्तूबर–सितम्बर) के लिए चीनी की नीति की पहले ही घोषणा कर दी गई है। तथापि चीनी उद्योग के लिए नई लाइसेंसिंग नीति सरकार के विचाराधीन है और उसे अन्तिम रूप दे देने के बाद उसकी घोषणा कर दी जाएगी।

Purchase of paper

1334. SHRI BHUVNESH CHATURVEDI: Will the Minister of URBAN DEVELOPMENT be pleased to state;

(a) whether it is a fact that **Paper** worth Crores of rupees are being purchased every year by Directorate of Printing;

(b) if so, details thereof during **the** lasffree years *i. e.* 1986-87, 1987-88 and 1988-89 about the amount incurred for the paper;

(c) whether it is also fact that a good quantity of- Paper are in the stock in various Government Presses which is sufficient for another two-three years; and

(d) if so, what is the present stock position of various kinds of paper in each Government Press and what is the annual consumption of each Press and the reasons for the Directorate of Ptg. to go in for sending for further stock of paper?

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRI MURASOLl MARAN); (a) and (b) Normally, the paper is purchased through the DGS&D, but in exceptional circumstances departmentally. Total amount spent on purchase of paper during the past three years is as under: —

• *Year*	*Funds utilised*
1986-87	00. 36 Crores
1987-88	11. 50 Crores
1988-89	16. 56 Crores

. (c) **No, Sir.**

(d) Does not arise.